font>

Title: Need to accord B-2 status to Jamnagar city in Gujarat- Laid.

श्री चन्द्रेश पटेल (जामनगर): अध्यक्ष महोदय, गुजरात के जामनगर सिटी को बी-2 में अपग्रेड करने के लिए मैंने कर्मचारियों, कर्मचारी यूनियनों तथा गुजरात सरकार ने अनेकों दफे लिखा है, हड़तालें हुयीं, विरोध हुआ एवं मैं स्वयं पिछले 14 साल से यह मामला संसद एवं संसद के बाहर उठाता रहा। हर समय यह बताया जाता कि जामनगर शहर की जनगणना 5 लाख से कम है। 2001 की जनगणना के समय देखा जायेगा।

2001 की जनगणना के अनुसार अब करीब साढ़े पांच लाख की जनसंख्या हो चुकी है। जिनके ओरिजनल आंकड़े भी छप चुके हैं।

जामनगर म्युनिसिपल कारपोरेशन ने भी गुजरात सरकार, केन्द्रीय सरकार तथा रजिस्ट्रार ऑफ सेन्सस को भी सेन्सस का कोड नंबर ooo0x11 दिया है, जिसके अनुसार आंकड़े 5,00,208 जनसंख्या है। अब उसके अनुसार जामनगर बी-2 के अपग्रेडेशन का हकदार है। सरकार तुरंत इसका नोटिफिकेशन करें ताकि हजारों केन्द्रीय एवं स्थानीय कर्मचारियों को बी-2 अपग्रेडेशन का लाभ मिल सके।